महत्वपूर्ण सूचना
तटरक्षक भर्ती कार्मिक परीक्षा (सीजीईपीटी)
01/2027 तथा 02/2027 बैच (कंप्यूटर आधारित परीक्षा)

1. आयोग द्वारा प्रकाशित नोटिस के अनुसार, तटरक्षक भर्ती कार्मिक परीक्षा (सीजीईपीटी) 01/2027 तथा 02/2027 बैच (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) का आयोजन 17.11.2026 से 18.11.2026 तक किया जाना निर्धारित है।

2. परीक्षा शहर का विवरण परीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पोर्टल पर लॉग इन करें और अपने संबंधित परीक्षा शहर की जांच करें। इसके अतिरिक्त, उक्त परीक्षा के लिए 'प्रवेश प्रमाण पत्र' संबंधित परीक्षा तिथि से 2-3 दिन पूर्व डाउनलोड के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

3. निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करके अभ्यर्थी उपर्युक्त विवरण देख सकते हैं: -

3.1 कर्मचारी चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाईट https://ssc.gov.in/ पर जाएं।

3.2 वेबसाईट पर उपलब्ध "JOIN INDIAN COAST GUARD" शीर्षक वाले हायपरलिंक पर क्लिक कीजिए।

3.3 भारतीय तटरक्षक परीक्षा पोर्टल https://cgept.parikshasaarthi.in/ पर आपको पुनर्निर्देशित किया जाएगा।

3.4. पोर्टल पर लॉग इन करने के लिए अपने पंजीकृत Credentials का उपयोग करें।

4. आपको ई-प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना एवं उनका सख्ती से पालन करना है।